### एक नजर में

## स्ट्रॉग फाउंडेशन-हैप्पी फैमिली थीम पर सेमिनार कल



इंदौर. जैन समाज की अग्रणी एवं प्रतिष्ठित संस्था श्री नवकार परिवार द्वारा संचालित मेघ संस्कार वाटिका द्वारा 3 मई को शाम 7.15 बजे से एयरपोर्ट रोड स्थित महावीर बाग पर स्ट्रॉग फाउंडेशन-हैप्पी फैमिली थीम पर आधारित विशेष सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गुजरात के प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर और हजारों परिवारों की पसंद बन चुके मनीष वघासिया मुख्य वक्ता के रूप में सरल शब्दों में बच्चों और पालकों को समझाएँगे कि परिवार में प्रेम, समझ और विश्वास को कैसे मजबूत बनाया जाए और युवाओं एवं माता-पिता के बीच किस तरह बेहतर तालमेल स्थापित किया जाए. यह अनूठा आयोजन बंधु बेलडी आचार्य जिन-हेमचंद्र सागर सूरी की प्रेरणा से हो रहा है. संस्कार वाटिका के संरक्षक डॉ. प्रकाश बांगानी, मनोहरलाल जैन सेमलिया वाले, जयंत खाब्या, नवकार परिवार के महेन्द्र गुरूजी, प्रवीण गुरूजी एवं अभय गुरूजी ने बताया कि समाज के अनेक लाभार्थी परिवारों के सहयोग से हो रहे अपनी तरह के इस विशिष्ट सेमिनार में शामिल होने के लिए 500 से अधिक बच्चों ने अपना पंजीयन करा लिया है जो अपने माता-पिता के साथ शामिल होंगे.

## मीरा मोहन प्रकोष्ठ की ओर से संगीत की सुरीली दावत कल

इंदौर. आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के तत्वावधान में रविवार 3 मई को मीरा मोहन-राग अनुराग शीर्षक संगीत की सुहावनी एवं सुरीली शाम का आयोजन रीगल चौराहा स्थित दुआ सभागृह में शाम 6.30 बजे से होगा। न्यास के अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा, महामंत्री सुरेश शर्मा काका एवं अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि न्यास के मीरा मोहन प्रकोष्ठ की मेजबानी में होने वाली इस संगीत की दावत में आद्य गौड़ ब्रहण सेवा न्यास सहित समाज के विभिन्न प्रतिभावान गायक-कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे. न्यास की ओर से यह एक पारिवारिक आयोजन होगा जिसमें प्रवेश आमंत्रित बंधुओं के लिए आरक्षित रहेगा. समाज एवं शहर के अनेक प्रमुख समाजसेवी बंधु भी इस सुरीली शाम के मेहमान होंगे.

## जलवायु और डेयरी पर जागरूकता अभियान आज

इंदौर. इंदौर एनिमल लिबरेशन 2 मई को शाम 6 बजे से 8 बजे तक छप्पन दुकान पर एक विशेष जन-जागरूकता पहल आयोजित कर रहा है, जिसका उद्देश्य डेयरी उद्योग के उन पहलुओं को सामने लाना है जिन पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता. इस पहल में डेयरी और बीफ सेक्टर के बीच संबंध, दूध उत्पादन में अत्यधिक जल उपयोग और जलवायु परिवर्तन में इसकी भूमिका जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात होगी. यह राष्ट्रीय अभियान देश के लगभग 20 शहरों में एक साथ आयोजित किया जा रहा है. इंदौर में यह कार्यक्रम 2 मई 2026 को शाम 6 बजे से 8 बजे तक छप्पन दुकान पर आयोजित होगा. इस अवसर पर सुरेश व्यास, यूट्यूबर एवं एनिमल राइट्स एडवोकेट, दुर्गा बलानी, एनिमल राइट्स एडवोकेट और अजय किराड़िया, एनिमल राइट्स एडवोकेट उपस्थित रहेंगे

## शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर पर ध्वजारोहण महोत्सव कल से





इंदौर. द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर का 25वां ध्वजारोहण महोत्सव वर्धमान तपोनिधि प्रियदर्शन विजय, पंयास प्रवर योगरुचि विजय एवं नंदीरूचि विजय आदिठाणा की पावन निश्रा में 3 मई से प्रारम्भ होगा. मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय नाहर, उपाध्यक्ष सुशील कुकड़ा एवं सचिव चेतन भंडारी ने बताया कि छ: दिवसीय इस महोत्सव का शुभारंभ रविवार, 3 मई को सुबह 7.30 बजे गुरुदेव के भव्य मंगल प्रवेश सामैया और मंदिर प्रवेश एवं धर्मसभा के साथ होगा. सांसद शंकर लालवानी सहित अनेक विशिष्टजन इस जुलूस में शामिल होंगे. मंगल प्रवेश जुलूस सेठी गेट सुदामा नगर से प्रारम्भ होगा. मंदिर के ध्वजारोहण की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 8 मई तक विभिन्न कार्यक्रम एवं अनुष्ठान आयोजित होंगे. महोत्सव में वीरमणि युवामित्र मंडल, शीतलनाथ महिला मंडल, सामायिक मंडल, श्रीसंघ एवं ध्वजा महोत्सव के लाभार्थी परिवारों के सदस्य भी भागीदार बनेंगे.

## मातृशक्ति खाटू श्याम यात्रा का शुभारंभ आज

इंदौर. विधानसभा 3 में महिलाओं की आस्था और धार्मिक सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु विधायक गोलू शुक्ला द्वारा मातृशक्ति खाटू श्याम यात्रा का आयोजन किया जा रहा है. इस विशेष धार्मिक यात्रा के माध्यम से क्षेत्र की 6000 से अधिक महिलाओं को खाटू श्याम के दर्शन कराने का संकल्प लिया गया है. यात्रा को चार चरणों में संपन्न किया जाएगा. विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों से लगभग 1500-1500 महिलाओं का पंजीयन कर उन्हें यात्रा में सम्मिलित किया जाएगा. प्रथम चरण में राजेंद्र धरकर मंडल की महिलाओं का पहला जत्था 2 मई दोपहर 12 बजे इंदौर से रवाना होगा. सभी श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन इंदौर से चलने वाली महामना एक्सप्रेस में कराया गया है। यात्रा प्रभारी दीपेंद्र सिंह सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारू व्यवस्था के लिए विधायक गोलू शुक्ला के साथ 100 से अधिक पुरुष कार्यकर्ता भी यात्रा में शामिल रहेंगे. यात्रा को रवाना करने के लिए मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि रेलवे स्टेशन पर उपस्थित रहेंगे. महिलाओं के पंजीयन एवं यात्रा व्यवस्था में विधानसभा प्रभारी दिनेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष बंटी वर्मा, पार्षद रूपाली पेंढ़ारकर, भावना चौधरी, शिव वर्मा, जयंत पांचाल, पिंकी बागड़ी, संजय कौशिक, दीपेश पचौरी एवं शिवपाल सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने पिछले एक माह से सक्रिय भूमिका निभाई.

## मालवा उत्सव 6 मई से, भूमि पूजन संपन्न



इंदौर. लोक संस्कृति मंच द्वारा देश का प्रतिष्ठित लोकोत्सव मालवा उत्सव इस वर्ष के 6 मई से दशहरा मैदान में आयोजित होने जा रहा है. उत्सव जनजाति नृत्य व जनजाति लोक कला एवं महिला शक्ति को समर्पित होगा. उत्सव के लिए शुक्रवार को भूमि पूजन संपन्न हुआ. मंच के संयोजक शंकर लालवानी में बताया कि दशहरा मैदान पर भगवान गणेश के आवाहन के साथ पूजन अर्चन कर भूमि पूजन किया गया. इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड, सुदर्शन गुप्ता, भरत पारख गणमान्य नागरिक एवं लोक संस्कृति मंच के कंचन गिदवानी रितेश पाटनी मुकेश पांडे उपस्थित थे. लोक संस्कृति मंच के संयोजक एवं सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि इस वर्ष 6से 12 मई तक मालवा उत्सव का आयोजन दशहरा मैदान परिसर में किया जा रहा है जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों के 400 से अधिक लोक कलाकार एवं 300 शिल्पकार इस आयोजन में भाग लेंगे. मंच के सचिव दीपक लंवगड़े ने बताया कि इस वर्ष यह उत्सव जनजाति नृत्यो, लोक नृत्यो के साथ जनजाति कला की छाप लिए होगा. साथ ही मातृशक्ति की आराधना की झलक इसमें दिखाई देगी. लोक संस्कृति मंच के सतीश शर्मा एवं विशाल की गिदवानी ने बताया कि इस वर्ष जनजाति कला के साथ देशभर की कला प्रदर्शित करने लगभग 300 शिल्पकार इस उत्सव में अपनी कलाकृतियां लेकर आएंगे. मंच के पवन शर्मा एवं बंटी गोयल ने बताया कि मालवा उत्सव में प्रतिवर्ष अनुसार मालवा के व्यंजनों के स्वाद के साथ विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखने को मिलेगा. मंच के संकल्प वर्मा ने बताया कि बच्चों के लिए मनोरंजन हेतु एक विशेष झोन भी बनाया गया है. मालवा उत्सव प्रतिदिन सायंकाल बजे से प्रारंभ होगा वही लोक नृत्यों की प्रस्तुति सायंकाल 7 बजे से होगी.

# एआई से लैस हुई इंदौर पुलिस : प्रखर पोर्टल और पुलिस सेतु ऐप लांच

- सीसीटीवी फुटेज का मिनटों में होगा विश्लेषण
- अपराधियों की होगी हाई-टेक ट्रैकिंग




नव भारत न्यूज

**इंदौर. पुलिस ने शहर की कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रखर पोर्टल और पुलिस सेतु मोबाइल ऐप लांच किए हैं. इन प्लेटफॉर्म्स के जरिए अब सीसीटीवी फुटेज का मिनटों में डिजिटल विश्लेषण कर अपराधियों की पहचान और ट्रैकिंग आसान होगी, वहीं आम नागरिक अपने क्षेत्र के पुलिसकर्मियों से सीधे जुड़ सकेंगे.**

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने शुक्रवार को इन दोनों सिस्टम का लोकार्पण किया. प्रखर पोर्टल डीसीपी जोन-2 कुमार प्रतीक के मार्गदर्शन में तैयार किया है, जो शहरभर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का एआई तकनीक से विश्लेषण करता है. इससे संदिग्ध गतिविधियों की पहचान, मूवमेंट ट्रैकिंग और अपराधियों तक तेजी से पहुंच संभव होगी. पुलिस के मुताबिक, यह सिस्टम जांच की गति बढ़ाने के साथ सटीकता भी सुनिश्चित करेगा.

### आधुनिक और स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में बड़ा कदम

वहीं, पुलिस सेतु ऐप को आम जनता के लिए विकसित किया गया है. इसके जरिए नागरिक अपने क्षेत्र के बीट प्रभारी, थाने और अन्य पुलिस अधिकारियों की जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकेंगे. आपात स्थिति में यह ऐप पुलिस तक त्वरित संपर्क का माध्यम बनेगा, जिससे मौके पर मदद पहुंचने में देरी नहीं होगी. कार्यक्रम के दौरान शहर के सभी डीसीपी और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि यह आधुनिक और स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में एक बड़ा कदम है, तकनीक के इस्तेमाल से अपराध नियंत्रण, निगरानी और जनता के साथ संवाद तीनों में प्रभावी सुधार होगा.

# जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में कांग्रेस नेता और मंडलम अध्यक्ष झगड़े

**महू.** वेदजी के बगीचे में शुक्रवार को आयोजित कांग्रेस की बैठक में एक कांग्रेस नेता और मंडलम अध्यक्ष की आपस में गुत्थमगुत्था हो गए. इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष भी मौजूद रहे. जिन्होंने बीच-बचाव कर मामला शांत करने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे. विवाद इतना बढ़ा कि कांग्रेस नेता ने मंडलम अध्यक्ष को जमकर गालियां दीं और भरी बैठक में जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया. बाद में मामला कोतवाली थाने भी पहुंच गया, जहां पुलिस ने मंडलम अध्यक्ष से आवेदन लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है.

दरअसल, शुक्रवार को जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े की मौजूदगी में आगामी 7 मई को होने वाले चक्काजाम को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया था. जहां महू तहसील के 30 से 35 मंडलम अध्यक्ष, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे. बैठक चल ही रही थी कि तभी ग्राम दतोदा के रहने वाले मंडलम अध्यक्ष सत्यनारायण मालवीय और दतोदा के ही कांग्रेस नेता पूनम चंद पटेल, पीसी राजपूत के बीच विवाद हो गया. विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच गुत्थमगुत्था और गाली-गलौच हुई, दोनों पक्षों को जिलाध्यक्ष व कांग्रेस नेताओं ने बमुश्किल शांत किया. इसके बाद मामला थाने जा पहुंचा, जहां पुलिस ने आवेदन लिया है. वहीं, इस विवाद को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े से फोन पर चर्चा करने की कोशिश की गई, परंतु वह फोन पर उपलब्ध नहीं हुए.

ज्ञात हो, कांग्रेस पार्टी में इन दिनों भारी गुटबाजी देखी जा रही है. आए दिन पार्टी के नेता सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे से झगड़ते हुए दिखाई देते हैं. कांग्रेस के कई नेताओं ने यहां तक बोल दिया कि कांग्रेस पार्टी की पूरी राजनीति ग्राम पिगडम्बर से ही चलती है. महू के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के नेताओं को भी कोई तवज्जो नहीं दी जाती है. जिससे कई नेता हताश होकर पार्टी को छोड़ भी चुके हैं.

# कलयुगी बेटे की करतूत : मां शादी में गई, बेटे ने साफ कर दी अलमारी

- गहने, 65 हजार नकद और बहन के दस्तावेज चुराकर हो गया फरार

**इंदौर.** विजयनगर थाना क्षेत्र में एक बेटे ने शादी में गई अपनी मां के घर का ताला तोड़कर नकदी, मां के जेवर और बहन के जरूरी दस्तावेज चोरी कर लिए. मां जब शादी समारोह से लौटी तो घर खुला मिला और अलमारी से सामान गायब था. पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.


फरियादी लक्ष्मीबाई पति नारायण खोजे (65) निवासी शीतल नगर ने शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि वे शादी समारोह में शामिल होने बाहर गई थीं. 28 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे जब घर लौटीं तो मुख्य गेट का लॉक खुला मिला. अंदर जाकर देखा तो गोदरेज अलमारी में चाबी लटकी हुई थी. शक होने पर दराज चेक किए तो उसमें रखे करीब 65 हजार रुपए नकद, सोने के पुराने आभूषण और चांदी के जेवरात गायब मिले. इसके अलावा आरोपी बेटा बहन रेणुका के पढ़ाई से जुड़े जरूरी कागजात और उसके बच्चों के शैक्षणिक दस्तावेज भी साथ ले गया.

### प्रेम प्रसंग के चलते पहले भी कर चुका घर में चोरी

लक्ष्मीबाई ने बताया कि उसका बड़ा बेटा जितेंद्र और राकेश घर पर ही थे, लेकिन जितेंद्र ने ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश जारी है. पुलिस के मुताबिक, आरोपी जितेंद्र का एक शादीशुदा महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा है. इसी के चलते वह पहले भी अपने ही घर में चोरी कर चुका है.

# दो नाबालिग सहित तीन चेन स्नैचर चढ़े पुलिस के हत्थे

- बुजुर्ग महिला से लूटी चेन बरामद, चोरी की बाइक भी जब्त
- तीन बदमाशों ने मार्निंग वॉक के दौरान की थी वारदात



नव भारत न्यूज

**इंदौर. द्वारकापुरी क्षेत्र में बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन झपटने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों के पास से लूटी गई चेन और वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त की गई है. यह बाइक भी चोरी की पाई गई. चेन और बाइक की कुल कीमत करीब 1.25 लाख आंकी गई है.**

घटना बुधवार सुबह पंजाब बेकरी के पास अंकल गली की है, जहां पैदल घूम रही बुजुर्ग महिला को बाइक सवार तीन बदमाशों ने निशाना बनाया और गले से चेन झपटकर फरार हो गए. मामले में द्वारकापुरी में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की गई. पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए रोशन सिंह शिकलीकर उम्र 31 साल निवासी आकाश नगर और उसके दो नाबालिग साथियों को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपियों ने वारदात कबूल कर ली, इसके बाद उनके पास से छीनी गई सोने की चेन और घटना में इस्तेमाल बाइक जब्त कर ली गई. जांच के दौरान बाइक के दस्तावेज मांगने पर आरोपी कोई कागज पेश नहीं कर सके. सख्ती से पूछताछ में उन्होंने बताया कि बाइक एमपी 09 एनई 2156 उन्होंने गुरुशंकर नगर गोंदवले धाम क्षेत्र से चोरी की थी. इस बाइक चोरी का द्वारकापुरी थाने में पहले से केस दर्ज है.

### आरोपियों पर पहले से भी दर्ज हैं कई अपराध...

थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि आरोपी रोशन सिंह शिकलीकर उम्र 31 साल निवासी आकाश नगर के खिलाफ द्वारकापुरी थाने में दो तथा अन्य दोनों नाबालिग के खिलाफ भी दो प्रकरण दर्ज हैं. पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है.

# नशे का उपचार लंबा और महंगा इसलिए पूरा ध्यान रोकथाम व जागरूकता पर हो

- वामा साहित्य मंच की गोष्ठी में गूंजा नशा मुक्ति का संकल्प




**इंदौर. साहित्य और सामाजिक जागरूकता को समर्पित शहर की प्रतिष्ठित संस्था वामा साहित्य मंच द्वारा नशा निरोधक दिवस के उपलक्ष्य में विशेष मासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया. इस गोष्ठी का मुख्य विषय- नशा करेगा नाश रखा गया, जिसके माध्यम से समाज को व्यसन मुक्त बनाने का संदेश दिया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ श्रुति शर्मा द्वारा प्रस्तुत सुरमयी सरस्वती वंदना के साथ हुआ. वामा की अध्यक्ष ज्योति जैन ने शब्द-पुष्पों से अतिथियों का स्वागत किया. उन्होंने नशे की तुलना एक ऐसे धीमे विष से की, जो तन और मन को धीरे-धीरे समाप्त कर देता है. आयोजन का मुख्य आकर्षण वामा सखियों द्वारा स्वरचित प्रेरक स्लोगन लिखकर उनका वाचन करना रहा, जिसका उद्देश्य राष्ट्र तक नशा मुक्ति का सशक्त संदेश पहुंचाना था. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यसन मुक्ति विशेषज्ञ डॉ. निखिल ओझा थे. कार्यक्रम संयोजक मधु टाक, तनुजा शर्मा और सचिव स्मृति आदित्य ने स्मृति चिह्न भेंट कर उनका स्वागत किया। डॉ. ओझा ने बताया कि नशे की समस्या समाज को शारीरिक और आर्थिक रूप से खोखला कर रही है. उन्होंने जोर देकर कहा, नशे का उपचार कठिन, लंबा और महंगा है, इसलिए हमारा पूरा ध्यान रोकथाम और जागरूकता पर होना चाहिए. उन्होंने मोबाइल की लत को भी नशे के समान ही घातक बताया और स्कूली पाठ्यक्रम में नशा मुक्ति की जानकारी शामिल करने की आवश्यकता जताई.

### नाटक की प्रस्तुति भी दी

नीरजा जैन, अनिता जोशी, सुनीता दुबे और उषा गुप्ता ने सुबह का तारा नामक जीवंत नाटिका की प्रस्तुति देकर नशा मुक्ति के मानवीय पक्ष को उजागर किया. इस अवसर पर मंच द्वारा दो लेखिकाओं— डॉ. गरिमा दुबे व अर्चना मण्डलोई तथा दो पत्रकारों मुकेश तिवारी व डॉ. अर्पण जैन अविचल का सम्मान किया गया. संचालन शिरीन भावसार ने किया. सचिव स्मृति आदित्य ने सभी से नशा मुक्ति के संदेश को प्रसारित करने का आह्वान किया. इस अवसर पर उपस्थित प्रबुद्ध लेखिकाओं ने समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया. आभार प्रदर्शन वाणी जोशी द्वारा किया गया।





# गुणी संतों के गुण स्मरण करने से पुण्य होता है जागृत : आचार्य विश्वरत्न सागर

**इंदौर.** राष्ट्र संत उत्तर भारतीय प्रवर्तक भण्डारी पदम चन्द महाराज ऐसे सन्त रत्न थे जिन्होंने श्रमण संघ के आचार्य आत्म-आनन्द-देवेन्द्र-शिव भगवन, ऐसे चारों ही आचार्य भगवंतों के शासन काल को बहुत निकट से देखा और चारों आचार्य भगवंतों के प्रति संघीय सेवाओं के लिये सदा समर्पित रहे. गुरुदेव भंडारी पदम चंद की सद्प्रेरणा से 108 मुमुक्षु आत्माओं ने श्री जैन भागवती दीक्षा ग्रहण की और आज वे सभी पुण्य आत्माएं जिनशासन की महती प्रभावना कर रही हैं, जिनमें वर्तमान आचार्य सम्राट तपसूर्य डॉ. शिव मुनि का नाम बड़े ही गौरव के साथ लिया जाता है।.

उक्त विचार वरुण मुनि महाराज ने भण्डारी पदम चंद महाराज के पुण्य स्मरण दिवस पर व्यक्त किए. धर्म सभा को संबोधित करते हुए आचार्य विश्व रत्न सागर महाराज ने कहा कि गुणी संतों के गुण स्मरण करने का अवसर आए तो अवश्य करें. हमारा पुण्य जागृत होता है. ज्ञान स्वरूप देह हमेशा प्रेरणा दायक होती है. आचार्य हितेश चंद्र सुरीश्वर ने भंडारी पदम चंद जी महाराज के अनेक गुणों का वर्णन किया. उन्होंने उप प्रवर्तक पंकज मुनी महाराज को दक्षिण भारत धर्म प्रभावक ओर प्रवचन कार मृदु भाषी श्री वरुण मुनीजी महाराज को शासन सूर्य की पदवी से अलंकृत किया. मंगलाचरण से प्रारंभ समारोह में स्वागत उद्बोधन संघ के महामंत्री रमेश भण्डारी ने दिया. सभा को महासति रश्मि महाराज व महासती विजया सुमन ने भी संबोधित किया. अभिग्रह धारी राजेश मुनि महाराज ने अपनी चिर परिचित शैली में गुरु गुणगान किया. स्वागत गीत आदर्श ज्योति बहु मंडल ने प्रस्तुत किया. धर्म सभा में जिनेश्वर जैन, हेमंत बोहरा, महावीर धाकड़, कीर्ति जैन, राजकुमार जैन, स्वप्निल संचेती, ललित बोहरा, शरद मेहता, रखने चंद कोटा वाला आदि उपस्थित थे. संचालन रुपेश मुनि महाराज एवं प्रकाश भटेवरा ने किया. आभार प्रकाश भटेवरा ने मनाया।



## हरिधाम पर अधिकमास में 51 विद्वानों द्वारा हनुमत महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का दिव्य आयोजन

**इंदौर.** हवा बंगला कैट रोड स्थित हरिधाम पर आश्रम के संस्थापक साकेतवासी महंत घनश्यामदास महाराज की प्रेरणा से महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में श्रीराम कथा, 51 वैदिक विद्वानों द्वारा पंचकुण्डीय श्रीहनुमत महायज्ञ एवं विशाल भंडारे के अनुष्ठान 22 मई से प्रारम्भ होंगे. राष्ट्र उत्थान, जन कल्याण एवं भक्तों की कार्यसिद्धि के लिए हो रहे इन कार्यक्रमों में शहरी क्षेत्र सहित आसपास के 25 गांवों के श्रद्धालु भागीदार बनेंगे. अनुष्ठान के लिए भूमि पूजन 3 मई को सुबह 9.30 बजे हरिधाम पर होगा.

हरिधाम लोक मंगल न्यास की बैठक गुरुवार को हरिधाम पर महंत शुकदेवदास महाराज के सानिध्य में आयोजित की गई जिसमें प्रमुख ट्रस्टी विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग एवं दिनेश मित्तल ने इस अनुष्ठान के लिए आयोजन समिति की घोषणा करते हुए डॉ. सुरेश चोपड़ा को अध्यक्ष, संजय अग्रवाल एवं गोपाल गोयल को संयोजक, सुधीर अग्रवाल को महामंत्री नियुक्त करने की घोषणा की. समाजसेवी ललित अग्रवाल, सीताराम नरेडी, ओमप्रकाश अग्रवाल एवं विजय सिंह राणा इस अनुष्ठान के प्रमुख यजमान मनोनीत किए गए हैं. बैठक में मुख्यरूप से आशीष गर्ग, पुलकित झंवर, राघवेन्द्र सिंह बैस, किशन तिवारी एवं अंजनी तिवारी ने इस अनुष्ठान को पुरुषोत्तम मास के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के भक्तों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए हरसंभव सहयोग का संकल्प व्यक्त किया,

### एक नजर में

#### आईआईएम इंदौर में कांफ्रेंस ऑन एक्सीलेंस इन रिसर्च एंड एजुकेशन (सेरी) का 16वां संस्करण प्रारंभ

# एआई का संबंध जानकारी से है, सच से नहीं : प्रो. रॉय



**इंदौर.** भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर (आईआईएम इंदौर) में शुक्रवार को उसके प्रमुख अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कॉन्फ्रेंस ऑन एक्सीलेंस इन रिसर्च एंड एजुकेशन (सेरी) के 16वें संस्करण की शुरुआत हुई. बिजनेस एक्सीलेंस रीइमैजिन्ड: एआई के दौर में प्रतिस्पर्धा विषय पर आधारित यह सम्मेलन देश-विदेश के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों को एक मंच पर लाया है. वे चर्चा करेंगे कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती तकनीकें किस तरह बिजनेस, रिसर्च और एजुकेशन को बदल रही हैं.

सम्मेलन का उद्घाटन आईआईएम इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय ने किया। अपने उद्घाटन संबोधन में प्रो. राय ने प्रतिभागियों से कहा कि वे तेजी से बदलते ज्ञान के माहौल में रिसर्च के असली उद्देश्य पर भी विचार करें. उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, यानि एआई, जानकारी को प्रोसेस कर सकता है, लेकिन सच की खोज इंसानों को ही करनी होगी. एआई का संबंध जानकारी से है, सच से नहीं. उन्होंने शोधकर्ताओं को सिर्फ डेटा तक सीमित न रहकर ऐसे ज्ञान की खोज करने के लिए प्रेरित किया जो पहले से मौजूद है और खोजे जाने की प्रतीक्षा कर रहा है. उन्होंने जिम्मेदार और नैतिक रिसर्च पर जोर देते हुए कहा कि जिज्ञासा, ईमानदारी और आलोचनात्मक सोच से ही रिसर्च समाज में सार्थक बदलाव ला सकती है. कॉन्फ्रेंस चेयर प्रो. राजहंस मिश्रा ने बिजनेस और रिसर्च के बदलते स्वरूप में एआई की भूमिका पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि सेरी 2026 को 10 देशों से 430 से अधिक शोध पत्र प्राप्त हुए, जो इसकी बढ़ती वैश्विक पहचान को दर्शाता है. उन्होंने कहा तेजी से बदलती तकनीक के दौर में उत्कृष्टता की पारंपरिक परिभाषाएं अब बदलनी होंगी.

### कई शोध पत्र प्रस्तुत किए

पहले दिन एमआईटी मीडिया लैब के बेन वेबर ने द स्टेट ऑफ मैनेजमेंट एंड द न्यू रोल ऑफ डेटा एंड एआई विषय पर मुख्य वक्तव्य दिया. उन्होंने बताया कि डेटा और एआई किस तरह मैनेजमेंट और ऑर्गनाइजेशन के काम करने के तरीके को बदल रहे हैं. उन्होंने जोर दिया कि एआई की असली ताकत तब सामने आती है जब उसे इंसानी समझ और कार्यस्थल की वास्तविकताओं के साथ जोड़ा जाए. प्रो. मुकेश मोहानिया आईआईआईटी दिल्ली ने डेटा एनालिटिक्स- तब और अब: एक निरंतर यात्रा विषय पर अपने विचार रखे. साथ ही पहले दिन में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कई शोध पत्र भी प्रस्तुत किए गए.